संपादकीय

फॉर्मूला किस हद तक न्यूनतम

सार यह कि भारतीय आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी गरीबी का मारा है। जबकि गरीबी मापने का विश्व बैंक का पैमाना खुद आलोचनाओं के केंद्र में रहा है। अनेक विशेषज्ञों ने इसे अति न्यूनतम पैमाना बताया है।

विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में माना है कि 2020 (यानी कोरोना काल) के बाद से भारत सहित दुनिया में गरीबी घटने की प्रक्रिया ठहर गई है। बैंक का ताजा आकलन है कि भारत में इस समय 12 करोड़ 90 लाख लोग चरम गरीबी की अवस्था में जी रहे हैं। विश्व बैंक का चरम गरीबी का पैमाना 2.15 डॉलर प्रति दिन (परचेजिंग पॉवर पैरिटी-पीपीपी- के अर्थ में) से कम खर्च क्षमता है। पीपीपी पर यह रकम फिलहाल लगभग 44 रुपये प्रतिदिन बैठती है। वैसे विश्व बैंक ने चूकि भारत को मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में रखा हुआ है, इसलिए उसका कहना है कि भारत पर चरम गरीबी का पैमाना 6.85 डॉलर प्रति दिन (पीपीपी में तकरीबन 139 रुपये) लागू होना चाहिए।

इस कसौटी पर देखें, तो भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं। यह संख्या 1990 में भारत में चरम गरीबी सीमा के नीचे आने वाले कुल लोगों की संख्या से ज्यादा है (तब भारत की जनसंख्या लगभग 88 करोड़ थी)। विश्व बैंक ने भारत सरकार की तरफ से हाल में जारी घरेलू उपभोग एवं खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2022-23 में अपनाए गई विधि की आलोचना की है। इस सर्वे के आधार पर सरकार ने भारत में गरीबी मिटाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति का दावा किया था। यानी कुल सार यह है कि भारत में गरीबी के मारे लोग आज भी बड़ी संख्या में हैं। जबकि गरीबी मापने का विश्व बैंक का पैमाना खुद आलोचनाओं के केंद्र में रहा है।

अनेक विशेषज्ञों ने इसे मनमाने ढंग से तैयार किया गया न्यूनतम पैमाना बताया है। अगर गौर करें कि मध्यम आय श्रेणी वाले भारत जैसे देश में रोज 139 रुपये खर्च क्षमता वाले व्यक्ति को विश्व बैंक गरीब नहीं मानता, तो समझा जा सकता है कि यह फॉर्मूला किस हद तक न्यूनतम है। आखिर इतनी रकम के साथ कोई व्यक्ति किस स्तर का उपभोग कर सकता है? बहरहाल, इस फॉर्मूले के मुताबिक भी 'सबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था' की यह सूरत उभरी है, हमारे विकास की दिशा क्या है, यह खुद जाहिर हो जाता है।

विकसित भारत को साकार करने के लिए विज्ञान को प्रोत्साहन दे रही सरकार : जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में की गई प्रमुख पहलों का उद्देश्य विकसित भारत को साकार करना है।

मीडिया से बात करते हुए जितेंद्र सिंह ने सरकार के साहसिक एवं रणनीतिक विज्ञान प्रोत्साहन के बारे में बताया, जिसमें बायोइकोनॉमी बनाने के उद्देश्य से बायो ई3 नीति पेश करने के लिए अंतरिक्ष स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष शुरू करना शामिल है।

मंत्री ने कहा, अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में मोदी सरकार की प्रमुख पहल वैश्विक नवाचार मंच पर भारत की भूमिका को आगे बढ़ाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की वैज्ञानिक क्षमता को बढ़ाने के अलावा यह पहल एक स्थायी, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था में भी योगदान देती है जो उद्योग और संसाधनों में वैश्विक बदलावों का सामना कर सकती है।

उन्होंने कहा कि यह पहल अंतरिक्ष अन्वेषण, जैव प्रौद्योगिकी और मौसम विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व को भी सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए विशेष उद्यम पूंजी कोष भारत के लगभग 300 अंतरिक्ष स्टार्टअप के बढ़ते आधार का लाभ उठाने की एक व्यापक योजना का हिस्सा है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र को निजी खिलाड़ियों के लिए खोलने के इस फैसले से अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय बदलाव आया है। सिर्फ एक स्टार्टअप से शुरू होकर इस नीति ने आज सैकड़ों अंतरिक्ष तकनीक कंपनियों वाला एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद की है।

चंद्रयान-3 मिशन जैसी उपलब्धियों से भारत को मिली वैश्विक मान्यता का जिक्र करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

आगामी गगनयान अंतरिक्ष मिशन पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष प्रगति का उद्देश्य नवाचार, सटीकता और विश्वसनीयता के साथ अग्रणी होना है।

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव चालक दल वाला अंतरिक्ष मिशन होगा जिसे 2026 में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

इसी प्रकार बायो ई3 नीति के साथ सिंह ने जैव-संचालित भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अगली औद्योगिक क्रांति पारंपरिक विनिर्माण की बजाय जैव-अर्थव्यवस्था पहलों से उत्पन्न होगी। सरकार समावेशी और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जैव प्रौद्योगिकी क्षमता का दोहन कर रही है।

सिंह ने मिशन मौसम पर महत्वपूर्ण अपडेट की भी घोषणा की, जो मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के भीतर शुरू की गई एक पहल थी, जिसका उद्देश्य मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की सटीकता को बढ़ाना था।

त्योहारी सीजन में नौकरियों की संख्या में 20 फीसदी की उछाल, टियर 2 और 3 शहरों में बढ़ी मांग

नई दिल्ली

देश में इस त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से अधिक जॉब पोस्टिंग हुई, जो पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी अधिक है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एक लीडिंग जॉब्स और प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म अपना डॉट कॉम के अनुसार, त्योहारी सीजन में लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स, रिटेल और हॉस्पिटैलिटी जैसे सेक्टर में हायरिंग को लेकर तेजी देखी गई। इसके अलावा, क्विक कॉमर्स इंडस्ट्री के तेजी से विस्तार ने इस हायरिंग एक्टिविटी में अपना योगदान दिया।

सभी सेक्टर में लॉजिस्टिक्स और ऑपरेशन में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जिसमें जॉब पोस्टिंग में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिटेल और ई-कॉमर्स में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि रेस्त्रां और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यह हायरिंग ट्रेंड केवल प्रमुख मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि टियर 2 और 3 शहरों में भी नौकरी के अवसरों में वृद्धि देखी जा रही है।

बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद जैसे टियर-1 शहरों में जॉब पोस्टिंग में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वहीं, टियर 2 और टियर 3 शहरों में इसमें जबरदस्त उछाल दिखा। लखनऊ, अहमदाबाद, सूरत, भुवनेश्वर, भोपाल, इंदौर, कानपुर, चंडीगढ़, पटना, कोयम्बटूर और जयपुर जैसे शहरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ता शहरीकरण, मॉल और क्विक सर्विस रेस्त्रां विस्तार और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ऐसे कारक हैं जिससे ये वृद्धि देखी गई। अपना के संस्थापक और सीईओ निर्मित पारीख ने कहा, हमारे सेक्टर-स्पेसिफिक और गो टू मार्केट कैंपेन लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स जैसी इंडस्ट्री के लिए लॉजिस्टिक मैनेजर, वेयरहाउस एसोसिएट, डिलीवरी पार्टनर और कस्टमर सपोर्ट मैनेजर को खोजने में मददगार रहे।

रिटेल और ई-कॉमर्स सेक्टर भी विस्तार कर रहा है, जिसमें उपभोक्ताओं के अनुभवों को बढ़ाने के लिए कैटेगरी ग्रोथ मैनेजर, सेल्स एसोसिएट और कस्टमर सपोर्ट मैनेजर जैसे 18,000 पद जोड़े जा रहे हैं।

न्यूजीलैंड से हारने के बाद बीसीसीआई ने लिया एक्शन, वीवीएस लक्ष्मण बने हेड कोच

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने के पहले सप्ताह में ही साउथ अफ्रीका के लिए रवाना होना है. जहां, भारत और अफ्रीकी टीम के बीच टी-20 सीरीज खेली जाने वाली है. इस सीरीज की शुरुआत 8 नवंबर से होगी. इससे पहले एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है कि इस दौरे पर टीम के साथ बतौर हेड कोच गौतम गंभीर नहीं बल्कि वीवीएस लक्ष्मण जाने वाले हैं. भारतीय टीम के साथ साउथ अफ्रीका दौरे पर बतौर हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण को भेजा जाने वाला है. हालांकि, बीसीसीआई ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. मगर, खबरों की मानें, तो 8 नवंबर से शुरू होने वाले साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम इंडिया की जिम्मेदारी बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय दिग्गज वीवीएस के हाथों में सौंपी है. बेंगलुरु में एनसीए में काम करने वाले कर्मचारी और अन्य कोच, जैसे साईराज बहुतुले, हृषिकेश कानिटकर और सुभदीप घोष, लक्ष्मण के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे. बहुतुले (हेड कोच), कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और घोष (फील्डिंग कोच) इंडिया इमर्जिंग टीम का हिस्सा थे, जिसने ओमान में आयोजित एशिया इमर्जिंग कप टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था.

हरित ऊर्जा में तेजी से आगे बढ़ रहा है ब्रिटेन : प्रशांत रुइया

लंदन

भारतीय अरबपति प्रशांत रुइया ब्रिटेन में मजर्री नदी के किनारे हाइड्रोजन ईंधन आधारित एक नई रिफाइनरी बना रहे हैं, जो देश का पहला उत्सर्जन मुक्त संयंत्र होगा।

संडे टाइम्स बिजनेस की एक प्रोफाइल खबर के अनुसार, ब्रिटेन के उत्तर पश्चिमी इलाके के औद्योगिक केंद्र में एक इमारत की छत से देखने पर खेतों और धुआं उगलते रासायनिक संयंत्रों का दृश्य हमारे सामने फैला है। एक क्षितिज वेल्श की पहाडिय़ां बनाती हैं और दूसरा मजर्री नदी और कैमेल लेयर्ड शिपयार्ड। चेशायर में एक शानदार दिन और भारतीय अरबपति प्रशांत रुइया का मूड शरद ऋतु की धूप की तरह खिला हुआ है। मेरे कंधे पर हाथ रखकर वह भाप उगलती पाइपों, आग उगलती चिमनियों और विशाल कूलिंग टावरों के बेतरतीब विस्तार की ओर इशारा करते हैं, जिनका संयोजन ब्रिटेन की दूसरी सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी स्टैनलो का निर्माण करते हैं। उन्होंने नाटकीय ढंग से अपनी बाहें फैलाई और मुस्कुराते हुए बोले, यह सब बदल रहा है। हम पूरे उत्तर पश्चिम में उद्योग को डीकार्बोनाइज करने जा रहे हैं।

रुइया (55) पारिवारिक औद्योगिक घराने एस्सार समूह के वंशज हैं, और इसके मुख्य कार्यकारी हैं। रुइया ब्रदर्स के नाम से विख्यात उनके पिता शशि और चाचा रवि द्वारा स्थापित इस समूह की उतार-चढ़ाव भरी किस्मत व्यवसाय की किंवदंती का हिस्सा है।

उन्होंने 2011 में शेल से स्टैनलो रिफाइनरी खरीदी थी, जब यह मरम्मत से गुजर रही थी और इसकी स्थिति काफी खराब थी। रुइया कहते हैं कि उन्होंने तब से इसमें एक अरब डॉलर का निवेश किया है, लेकिन यह अब भी स्पष्ट है कि ब्रिटेन के ईंधन का 16 प्रतिशत उत्पादन करने वाले 100 साल पुराने इस संयंत्र ने इससे अच्छे दिन देखे हैं। पाइप कई जगहों पर लीक करते हैं, जबकि कच्चे तेल को जेट ईंधन, डीजल और पेट्रोल में बदलने वाले इसके डिस्टिलेशन कॉलम आम तौर पर जंग खाए हुए और रंगहीन हैं। इसके बड़े हिस्से बंद हो चुके हैं और जंग खा रहे हैं।

हालांकि, करीब से देखने पर आप भविष्य देख सकते हैं और इसके बारे में रुइया का उत्साह भी। कुछ दूरी पर मचानों के जाल के बीच से एक बिल्कुल नई रिफाइनरी उभर रही है, इसके चमकदार चांदी के रंग के टावर पृष्ठभूमि में खड़े 1960 के दशक के एक अप्रयुक्त ढांचे के गहरे लाल रंग के जंग के बिल्कुल विपरीत दिख रहे हैं।

कुश्ती: चिराग चिक्कारा ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

नईदिल्ली

बीते रविवार (27 अक्टूबर) को भारत के पहलवान चिराग चिक्कारा ने अल्बानिया के तिराना में स्वर्ण पदक जीतने का कारनामा किया।उन्होंने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप कुश्ती में पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के अब्दिमलिक कराचोव को नजदीकी मुकाबले में 4-3 से हराया।इसके साथ ही 18 वर्षीय चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष पहलवान बन गए हैं।

चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले पहलवानों की विशेष सूची में शामिल हो गए।उनसे पहले पुरुषों में अमन सहरावत यह कारनामा कर चुके हैं। बता दें कि अमन ने 2022 में तुर्की के अहमत दुमन को 12-4 से हराते हुए इतिहास रचा था।पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक विजेता अमन के बाद महिलाओं में रीतिका हूडा ने 2023 में अंडर-23 विश्व चैंपियन बनी थी। वह महिलाओं में यह खिताब हासिल करने वाली पहली पहलवान है।

चिराग ने इससे पहले सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के एलन ओरलबेक को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्होंने विपक्षी पहलवान को कोई मौका नहीं दिया और 8-0 से जोरदार जीत दर्ज की थी।उन्होंने पहले दौर में जापान के गटुको ओजावा को 6-1 से हराया था और फिर क्वार्टर फाइनल में इयुनस इवबातिरोव को 12-2 से शिकस्त दी थी।इस भारवर्ग का कांस्य पदक इवबातिरोव ने जीता।

हरियाणा में अंडर-16 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान चिक्कारा की घुटने में चोट लग गई थी। ऐसे में चोट के बाद उन्होंने जोरदार वापसी है। बता दें कि वह चोट के चलते 3 साल तक कुश्ती से दूर रहे थे।अब उन्होंने अंडर-23 चैंपियनशिप में पदक जीतकर यादगार वापसी की है।बता दें कि चिक्कारा और अमन के अलावा, टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया ने भी 2018 के अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

सबसे खतरनाक 5 विदेशी स्पिनर्स, जिन्होंने भारत में आकर टीम इंडिया का छीना चैन

नईदिल्ली

भारतीय पिचों पर स्पिनर्स का जलवा देखने को मिलता है. इसलिए हमारे पास दुनिया के टॉप स्पिन गेंदबाज मौजूद हैं, जिनकी फिरकी में फंसकर अच्छे-अच्छे बल्लेबाज भी अपना विकेट गंवा देते हैं. लेकिन, आज हम आपको कुछ ऐसे विदेशी स्पिन गेंदबाजों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने भारत में आकर भारतीय बल्लेबाजों को खूब परेशान किया है. यकीन मानिए इन स्पिनर्स ने टीम इंडिया के बल्लेबाजों को एक-एक रन के लिए तरसा दिया...

जब भी भारत में आकर प्रदर्शन करने वाले स्पिनर्स की बात होगी, तो उसमें न्यूजीलैंड के एजाज पटेल का नाम जरूर आएगा. वह 2021 में कीवी टीम के साथ भारत दौरे पर आए थे. मुंबई में खेले गए टेस्ट मैच में उन्होंने इतिहास रचते हुए एक पारी में 10 विकेट झटक लिए थे. वह एक पारी में 10 विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने.

एजाज ने अकेले 47.5 ओवर में 119 रन देकर सभी 10 विकेट अपने नाम किए थे. हालांकि, उनके इस खतरनाक प्रदर्शन के बाद भी भारतीय टीम ने मुंबई में जीत हासिल करते हुए न्यूजीलैंड को धूल चटाई थी.

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के स्टार स्पिन गेंदबाज मिचेल सैंटनर ने हाल ही में भारत के होश उड़ाए. उन्होंने पुणे में खेले गए टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में कमाल की गेंदबाजी की, जहां पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट झटक लिए. उन्होंने अकेले ही मानो भारतीय बल्लेबाजों का सफाया करते हुए 13 विकेट झटक लिए. उनकी इस विकेटचटकाऊ गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाजी बिखर गई और टीम इंडिया मैच गंवा बैठी.

जनवरी 2024 में भारत दौरे पर आई इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहले ही मैच में भारत को हरा दिया था. उस मैच में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज टॉम हार्टली ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था. पहली पारी में भले ही उन्हें 2 विकेट मिले हो, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 7 विकेट लिए. इस तरह 9 विकेट चटकाकर भारत को मात देने में अहम भूमिका निभाई. 2017 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के साथ भारत दौरे पर आए स्टीव ओ कीफे ने भारतीय बल्लेबाजों की नींद उड़ा दी थी.

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन बहुत ही बढिय़ा रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी।

वृष- आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा।

मिथुन- आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से रिलेटेड कोई यादगार प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं।

कर्क- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही सॉल्व भी हो जायेगी।

सिंह- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जोकि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा।

तुला- आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यो को सीखने का करेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें।

वृश्चिक- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगें। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगें जिससें आपको फायदा होगा।

धनु- कई दिनों से चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार के लोगों से मदद भी मिलेगी।

मकर- आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं।

कुंभ- आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है।

मीन- आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें।

धमकियों के बीच सलमान खान ने अनाउंस किया दबंग टूर

सलमान खान को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके गिरोह के सदस्यों से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। बावजूद इसके वह फिलहाल रियलिटी शो बिग बॉस 18 की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं कड़ी सुरक्षा के बीच सलमान अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग भी जारी रखने वाले हैं।उधर अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपने दबंग रीलोडेड टूर का ऐलान भी कर दिया है, जिसके बाद उनके प्रशंसक सातवें आसमान पर हैं।

दबंग रिलोडेड टूर की जानकारी देते हुए इसका एक पोस्टर सलमान ने सोशल मीडिया पर साझा किया और लिखा, दुबई दबंग टूर के लिए तैयार हो जाओ, जो 7 दिसंबर, 2024 को होने जा रहा है।इस टूर में सलमान के साथ सोनाक्षी सिन्हा, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, प्रभु देवा, मनीष पॉल, सुनील ग्रोवर और आस्था गिल नजर आएंगी, जिनकी झलक पोस्टर में भी दिख रही है।जॉर्डी पटेल ने सलमान का यह टूर आयोजित किया है।

पोस्टर के मुताबिक यह शो 4 घंटे तक चलेगा, जिसमें नॉन स्टॉप डांस, म्यूजिक और खूब मस्ती होगी। सलमान के इस ऐलान के बाद उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। हालांकि, कुछ को उनकी सुरक्षा की चिंता भी सता रही है।बता दें कि सलमान के करीबी दोस्त और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी बिश्नोई गैंग ने ली, जिसके बाद सलमान को लॉरेंस की तरफ से मौत की धमकियां भी मिलीं।

सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम हुआ रिलीज, अजय देवगन के साथ नजर आए पूरी स्टार कास्ट

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' का टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' रिलीज हो गया है।

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिंघम अगेन', 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। ट्रेलर और गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज होने के बाद, निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' रिलीज कर दिया है।

अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सिंघम अगेन' के टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' का वीडियो साझा किया। गाने में अजय देवगन पुलिस की वर्दी पहने हुए दिख रहे हैं। वीडियो में अन्य कलाकारों टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार, करीना कपूर और रणवीर सिंह के किरदारों की भी झलक देखने को मिली है।

नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा स्टारर वनवास का नया पोस्टर आया सामने, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

गदर: एक प्रेम कथा, अपने और गदर 2 फिल्में बनाने के बाद निर्देशक अनिल शर्मा ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा की फिल्म वनवास का पोस्टर जारी हो गया है। इस फिल्म के पोस्टर के साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी है.

फिल्म में नाना पाटेकर का भी अलग सा अंदाज नजर आने वाला है। नाना पाटेकर की इस फिल्म का नाम तो वनवास है लेकिन पोस्टर में वह काफी मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में अनिल शर्मा फिर से अपने बेटे को फिर से बॉलीवुड में हुनर आजमाने का मौका दे रहे हैं।

नाना पाटेकर की फिल्म वनवास के पोस्टर साझा करने के साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में इस क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। अनिल शर्मा के हाथ में शराब की बोतल है, दिग्गज एक्टर ने एक हाथ में स्लिंग बैग और एक में एक कटोरा पकड़ रखा है। साथ ही टाइटल के साथ लिखा है, अपने ही देते हैं, अपने को वनवास।

इस फिल्म में गदर 2 की मुस्कान भी नजर आने वाली हैं। मुस्कान यानी अभिनेत्री सिमरत कौर ने कमेंट में लिखा भी है, आपकी प्यारी मुस्कान आ रही है, इस बार अलग अंदाज के साथ। मिलते हैं 25 दिसंबर को। इस बात को जानकर प्रशंसक काफी उत्साहित हो गए हैं।

बॉक्स ऑफिस पर वनवास का सामना वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन से होने वाला है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश जैसी अभिनेत्रियां भी नजर आने वाली हैं।

शब्द सामर्थ्य- 221

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 220 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	र्म			ज	र	दा		

सू-दोकू- 221

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.220 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6